**नकली बीड़ी कारोबार का भंडाफोड़ : नामी कंपनियों के नाम से बना रहा था, पुलिस ने आरोपी को दबोचा**

डोंगरगढ़ में नामी कंपनियों के नाम से नकली बीड़ी बनाने वाले आरोपी के घर में पुलिस रेड मारी। लंबे समय से नकली बीड़ी को स्थानीय मार्केट में सप्लाई कर रहा था।

**राजा शर्मा- डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में पुलिस ने डुप्लीकेट बीड़ी तैयार करने वाले के घर में रेड मारकर नकली धंधे का पर्दाफाश किया है। आरोपी नामी कंपनियों की नकली बीड़ी तैयार कर स्थानीय दुकानदारों को सप्लाई करता था। बीड़ी खरीदकर गोला बीड़ी, मनोहर और अन्य बीड़ी कंपनी के नाम से पैककर मार्केट में बेच रहा था। लंबे समय से नकली बीड़ी बनाने का काम चल रहा था।

दरअसल यह पूरा मामला डोंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र का है। गोला बिड़ी वर्क्स सदर बाजार धमतरी ने थाना में शिकायत की। दर्ज शिकायत के अनुसार बताया गया कि, दंतेश्वरी पारा में हमारे कंपनी के अनुरूप अवैध रूप से डुप्लीकेट बिड़ी का पैकेट तैयार कर विक्रय किया जा रहा है। सूचना के बाद डोंगरगढ़ पुलिस ने रेड कार्यवाही कर आरोपी रविन्द्र साखरे के पास से गोला बिड़ी, मनोहर बीड़ी, बीड़ी का होलो ग्राम और अन्य बीड़ियो का डुप्लीकेट रैपर जब्त किया। आरोपी रविन्द्र साखरे से पुछताछ करने पर कोई वैध कागजात नहीं मिला।

Source: https://www.haribhoomi.com/state-local/chhattishgarh/news/duplicate-bidi-police-raid-accused-arrested-companies-dongargarh-54789